मिशन शिक्षण संवाद

‥ संयुक्त राष्ट्र के अंग ‥

`` काव्य मंजरी ``

`` शैक्षिक कविताओं का संकलन ``

`` संकलन ``

मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with Cam

मिशन शिक्षण संवाद

संयुक्त राष्ट्र संघ

01

संयुक्त राष्ट्र के छः अंगों का,
मैं आज सार बतलाती हूँ।
193 सदस्य देश का,
अन्तर्राष्ट्रीय संगठन दिखलाती हूँ।।

अमेरिका का शहर न्यूयॉर्क,
मुख्यालय इसका कहलाता है।
फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम,
इसके अन्तर्गत आता है।।

1945 में स्थापित,
छः भाषा राजभाषा है।
अंग्रेज़ी और फ्रांसीसी से,
संचालन की आशा है।।

मानव अधिकारों की रक्षा करना,
इनका विशेष काम है।
संयुक्त राष्ट्र संघ की,
विश्व में अलग पहचान है।।

रचना- आयुषी अग्रवाल (स०अ०)
कम्पोजिट वि० शेखूपुर खास
कुन्दरकी (मुरादाबाद)

मिशन शिक्षण संवाद

संयुक्त राष्ट्र संघ

महासभा

02

संयुक्त राष्ट्र के छ: अंगों में,
सर्वांगीण संस्था है महासभा।
मुख्यालय इसका न्यूयॉर्क में,
सितम्बर माह में होती सभा।।

1945 में हुई थी स्थापना,
प्रतिनिधि हैं कुल 193 देश।
सुरक्षा परिषद के अनुरोध पर,
परिस्थिति हों तो मिलते विशेष।।

घोषणापत्र व कार्यपरिधि के,
प्रश्नों पर करती सभा विचार।
प्रयास यही सदा रहे शान्ति,
सुरक्षित हो हर घर-परिवार।।

तिज्जानी मुहम्मद बंदे हैं अध्यक्ष,
लघु संसद भी यह कही है जाती।
है सामान्य और प्रमाण पत्र समिति,
निर्विवाद संस्था यह जानी जाती।।

रचना- राजीव कुमार (प्र०अ०)
प्रा० वि० बहादुरपुर राजपूत
कुन्दरकी, मुरादाबाद

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

Scanned with Cam

मिशन शिक्षण संवाद

संयुक्त राष्ट्र संघ

सुरक्षा परिषद्

03

सुरक्षा परिषद् संयुक्त राष्ट्र की,
सबसे महत्वपूर्ण इकाई।
कहलाता दुनिया का पुलिसमैन,
या विश्व का सिपाही।।

1945 में हुई थी स्थापना,
द्वितीय विश्व युद्ध था जारी।
वैश्विक शान्ति और सुरक्षा,
है इसकी जिम्मेदारी।।

हैं पन्द्रह कुल सदस्य,
जिनमें पाँच हैं स्थायी।
अस्थायी सदस्य रूप में,
भारत ने भूमिका निभायी।।

स्थायी सदस्यों को प्राप्त है,
वीटो का अधिकार।
महासचिव नियुक्ति हेतु,
सुरक्षा परिषद् जिम्मेदार।।

रचना- दीप्ति खुराना (स०अ०)
कम्पोज़िट वि० पंडिया
कुन्दरकी, मुरादाबाद

Scanned with Cam

मिशन शिक्षण संवाद

संयुक्त राष्ट्र संघ

आर्थिक और सामाजिक परिषद्

04

आर्थिक और सामाजिक परिषद्,
संयुक्त राष्ट्र का है एक अंग।
जो देता आर्थिक एवं सामाजिक मदद,
और करता अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति के लिए जंग।।

इसका रहता यही प्रयास,
हो विश्व का निरन्तर विकास।
होते है सदस्य इसके 54,
जिनके प्रयास छूते गगन।।

इसके कार्य हैं अच्छे,
गरीबों के विकसित हों बच्चे।
इसका हर क्षेत्र निभाता दायित्व,
और देता हर राष्ट्र को महत्व।।

रचना - इला सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० पनेरूवा
अमौली (फतेहपुर)

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

मिशन शिक्षण संवाद

संयुक्त राष्ट्र संघ

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय

05

दो देशों के मध्य जब,
उपजे कोई विवाद।
अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय मे
होती है फरियाद।।

संयुक्त राष्ट्र का अंग है,
1945 में स्थापित।
नीदरलैंड्स के हेग में,
कार्यालय है शोभित।।

193 देश मे चलता,
इसका न्याय,
सुलह-मध्यस्थता,
मुद्दों पर देता सबको राय।।

15 न्यायाधीश गुणी,
नौ वर्ष है कार्यकाल।
हर महाद्वीप को यहाँ,
प्रतिनिधित्व हर हाल।।

रचना - दीपक कौशिक (स०अ०)
प्रा० वि० भीकनपुर बघा
कुन्दरकी (मुरादाबाद)

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

Scanned with Cam

मिशन शिक्षण संवाद

संयुक्त राष्ट्र संघ

न्यास परिषद्

06

न्यास परिषद् की स्थापना 1945 में,
अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति, सुरक्षा हेतु हुई थी।
इसकी स्थापना मौलिक अधिकार और,
शान्ति व्यवस्था दिलाने हेतु हुई थी।।



न्यास परिषद् की स्थापना ,
उन ग्यारह प्रदेशों में हुई थी।
विश्व युद्ध के बाद जहाँ पर,
स्वायत्त शासन न लागू हुई थी।।

इन प्रदेशों में सीरिया, लेबनान,
जार्डन और इराक़ भी शामिल था।
न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य में,
इसका मुख्यालय था।।

एक नवम्बर 1994 को इसे,
अपने कार्यों से निष्क्रिय किया गया।
आवश्यकता पर पुनः क्रियाशील,
करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।।

रचना - शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
चित्रकूट (मानिकपुर)

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

Scanned with Cam

मिशन शिक्षण संवाद

संयुक्त राष्ट्र संघ

सचिवालय

07

बच्चों जो है संयुक्त राष्ट्र संघ,
उसका ही होता है यह एक मुख्य अंग।
जिसको कहा जाता है सचिवालय,
न्यूयॉर्क में है इसका मुख्यालय।।

मुखिया सचिवालय का होता है महासचिव,
कुछ अवर महासचिव, कुछ उप महासचिव।
जब होती है महासचिव की नियुक्ति,
सुरक्षा परिषद् करती है इसकी संस्तुति।।

एक सौ तिरानवे देश हैं इसके सदस्य,
कार्यकाल होता है इसका पाँच वर्ष।
सदस्य राष्ट्रों की सरकारों को देता हैं सलाह,
कोई समस्या आए तो दिखलाता हैं राह।।

रचना- पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
जनपद- अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

Scanned with Cam

मिशन शिक्षण संवाद

संयुक्त राष्ट्र संघ

◆◆ रचनाकारों की सूची ◆◆

1. आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
2. राजीव कुमार, मुरादाबाद
3. दीप्ति खुराना, मुरादाबाद
4. इला सिंह, फतेहपुर
5. दीपक कौशिक, मुरादाबाद
6. शहनाज़ बानो, चित्रकूट
7. पूनम गुप्ता, अलीगढ़

◆◆ तकनीकी सहयोग ◆◆

1. हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
2. प्रतिभा चौहान, मुरादाबाद
3. आकांक्षा मिश्रा, हरदोई
4. प्रतिमा उमराव, फ़तेहपुर
5. सुधांशु श्रीवास्तव, फ़तेहपुर

◆◆ मार्गदर्शन ◆◆

राजकुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन - मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with Cam